Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 अगस्त, 2022

विश्व शांति आयोग

मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल लोपेज़ ओब्रेडॉर ने वैश्विक शांति के लिये **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतेरस और पोप फ्राँसिस के तीन सदस्यीय आयोग** बनाने के लिये संयुक्त राष्ट्र को लिखित प्रस्ताव सौंपने की घोषणा की हैं। वैश्विक शांति आयोग के माध्यम से पूरे **विश्व में युद्ध रोकने का प्रयास किया जायेगा।** आयोग का उद्देश्य कम से कम **पाँच वर्ष तक के लिये युद्ध विराम संधि** सुनिश्चित करना है। इस कदम से विश्वभर की सरकारों को अपने नागरिकों **विशेषकर युद्ध की विभीषिका का सामना कर रहे लोगों को राहत पहुँचाने में मदद** मिलेगी। युद्ध और युद्ध जैसी कार्रवाईयाँ रोकने का आह्वान करते हुए मैक्सिको के राष्ट्रपति ने **चीन, रूस और अमेरिका से शांति बहाली** उपायों की अपील की है। दुनिया में पाँच वर्ष बिना **तनाव एवं हिंसा के बीतेगा और शांति रहेगी।** इससे युद्ध और उसके प्रभावों से सबसे अधिक पीड़ित लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा सकेगा।

49वें मुख्य न्यायाधीश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर्वोच्च न्यायालय के **न्यायाधीश उदय उमेश ललित** को **देश का 49वाँ** मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। न्यायाधीश ललित 27 अगस्त, 2022 को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश न्यायाधीश एन वी रमणा 26 अगस्त, 2022 को सेवानिवृत्त होंगे। ।न्यायाधीश उदय उमेश ललित को अगस्त 2014 में **सर्वोच्च न्यायालय** के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। न्यायाधीश ललित ने दो कार्यकालों के लिये उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है।**9 नवंबर, 1957 को महाराष्ट्र के सोलापुर में जन्मे, न्यायाधीश ललित को जून 1983 में महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत किया गया था।** जनवरी 1986 में सर्वोच्च न्यायालय आने से पहले उन्होंने **दिसंबर 1985 तक बम्बई उच्च न्यायालय में वकालत की।** भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीशों को राष्ट्रपति द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत नियुक्त किया जाता है। मुख्य न्यायाधीश के पद के मामले में देश के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश की जाती है। केंद्रीय विधि मंत्री द्वारा मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश प्रधानमंत्री को हस्तांतरित की जाती है और प्रधानमंत्री उसी आधार पर राष्ट्रपति को सलाह देता है। द्वितीय न्यायाधीश मामले में वर्ष 1993 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया था कि सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश को ही मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया जाना चाहिये। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम में भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।

‘लम्पी-प्रोवैक’ वैक्सीन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने **10 अगस्त, 2022** को **पशुधन को त्वचा रोग से बचाने** के लिये **स्वदेशी वैक्सीन लम्पी-प्रोवैक** का शुभारंभ किया। इस वैक्सीन को **हरियाणा** स्थित हिसार के **राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र** ने विकसित किया है। इस अनुसंधान में **बरेली** स्थित इज्जतनगर के **भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान** ने सहयोग किया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने इस वैक्सीन को **लम्पी स्किन डिजीज (LSD) के उन्मूलन** हेतु मील का पत्थर बताया है। इस अनुसंधान में वैज्ञानिकों ने सभी मानकों का पालन करते हुए **शत-प्रतिशत प्रभावी वैक्सीन विकसित** कर ली है। यह वैक्सीन LSD से निज़ात दिलाने में कारगर होगी। LSD **मवेशियों या भैंस के पॉक्सवायरस लम्पी स्किन डिज़ीज़ वायरस (LSDV)** के संक्रमण के कारण होता है। **खाद्य और कृषि संगठन (FAO)** के अनुसार, LSD की मृत्यु दर 10% से कम है। इस बीमारी को **पहली बार वर्ष 1929 में ज़ाम्बिया में एक महामारी के रूप में** देखा गया था। प्रारंभ में यह **ज़हर या कीड़े के काटने** का अतिसंवेदनशील परिणाम माना जाता था। LSD मुख्य रूप से **मच्छरों और मक्खियों के काटने, कीड़ों (वैक्टर)** के काटने से जानवरों में फैलता है। संक्रमण के लक्षणों में मुख्य रूप से **बुखार, आँखों और नाक से तरल पदार्थ का निकलना, मुँह से लार का टपकना शरीर पर छाले** आ जाना शामिल है। इस रोग से पीड़ित पशु चारा खाना बंद कर देता है क्योंकि चारा खाने या जुगाली करने के दौरान उसे समस्या होती है, परिणामस्वरूप **दुग्ध-उत्पादन में भी कमी** आती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-august-2022